Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : मंगलवार 28 जनवरी 2025 | वर्ष 06 | अंक 286 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक रोकठोक लेखनी ®

खबरें बे-रोकटोक

## सैफ अली खान चाकूबाजी की घटना

# मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा भ्रम पैदा करना उचित नहीं

**मुंबई:** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान से जुड़ी हाल की चाकूबाजी की घटना के बारे में भ्रम पैदा नहीं किया जाना चाहिए। सैफ अली खान पर हाल ही में हुए हमले के मामले के बारे में मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा, ''मैं स्पष्ट रूप से बोल रहा हूं। मैं मीडिया को बताना चाहता हूं कि मुंबई पुलिस द्वारा अपुष्ट घटनाओं और अनकही बातों को बार-बार नहीं दिखाया जाना चाहिए। इस तरह से भ्रम पैदा करना उचित नहीं है।''



''इस मामले में, पुलिस उचित तरीके से जांच कर रही है। पुलिस के पास मामले से जुड़ी लगभग सभी जानकारी है। पुलिस इस मामले को उसके तार्किक निष्कर्ष तक ले जाएगी। और आपकी सुविधा के लिए, (मीडिया), हमारे मुंबई पुलिस आयुक्त यहां हैं; मैं उनसे आज या कल या किसी भी दिन मामले की पूरी जानकारी देने के लिए कहूंगा,'' मुख्यमंत्री ने कहा।

इस बीच, मुंबई पुलिस ने अभिनेता सैफ अली खान पर उनके आवास पर हुए हमले की जांच के तहत जांच के लिए उनके रक्त के नमूने और कपड़े एकत्र किए हैं इस महीने की शुरूआत में, बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान पर एक घुसपैठिए ने हमला किया था, जिसकी बाद में पहचान मोहम्मद शरीफुल इस्लाम शहजाद के रूप में हुई, जो चोरी करने के इरादे से उनके घर में घुसा था। आरोपी के साथ हिंसक झड़प के बाद, सैफ अली खान की वक्षीय रीढ़ और शरीर के अन्य हिस्सों में चाकू के घाव हो गए।

हमले के बाद सईद को तुरंत इलाज के लिए लीलावती अस्पताल ले जाया गया बुधवार को मुंबई पुलिस को अभिनेता के बांद्रा स्थित आवास पर आरोपी के कई फिंगरप्रिंट मिले। पुलिस को इमारत की सीढ़ियों, शौचालय के दरवाजे और उसके बेटे जेह के कमरे के दरवाजे के हैंडल पर आरोपी के फिंगरप्रिंट मिले।

## मुंबई के एक स्कूल को ई-मेल से मिली बम की धमकी

## जांच में अफवाह निकली खबर




**मुंबई:** पश्चिमी उपनगर में स्थित एक निजी स्कूल एवं जूनियर कॉलेज को सोमवार को ईमेल के जरिए परिसर में बम रखा होने की धमकी मिली। जिसकी सुचना तुरंत पुलिस को दी गई। जिसके बाद पुलिस और बम स्क्वाड की टीम मौके पर पहुंची। स्कूल को खाली कराकर जांच शुरू की गई।

हालांकि जांच के बाद में यह एक अफवाह निकली। एक अधिकारी ने बताया कि कांदिवली के एक स्कूल के प्रशासन को एक ईमेल प्राप्त हुआ, जिसे भेजने वाले ने खुद के अफजल गिरोह से जुड़े होने का दावा करते हुए कहा कि परिसर में बम रखा है। उन्होंने बताया कि स्थानीय पुलिस ने बम निरोधक दस्तों और खोजी कुत्तों की मदद से कांदिवली एजुकेशन सोसाइटी (केईएस) स्कूल और जूनियर कॉलेज में गहन तलाशी ली, लेकिन उन्हें कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला और बाद में ईमेल को एक अफवाह करार दिया गया।

## मुंबई : मेट्रो नेटवर्क अब होगा और तेज

### एमएमआरडीए ने यूके सरकार के साथ किया समझौता



**मुंबई:** शहरी परिवहन विकास के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुए, ब्रिटेन सरकार ने परिवहन विभाग (डीएफटी) और क्रॉसरेल इंटरनेशनल (सीआई) के माध्यम से सोमवार को मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए. इस समझौता ज्ञापन पर सीएम देवेंद्र फडणवीस, डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में और महानगर आयुक्त डॉ. संजय मुखर्जी आईएएस की पहल पर हस्ताक्षर किए गए. एमएमआरडीए ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि सौदे के दौरान यूके के व्यापार और व्यापार सचिव जोनाथन रेनॉल्ड्स और क्रॉसरेल इंटरनेशनल के सीईओ पॉल डायसन भी मौजूद थे. दावोस में विश्व आर्थिक मंच के दौरान हुआ यह समझौता मुंबई के भविष्य के 14-लाइन मेट्रो नेटवर्क के लिए परिचालन और रखरखाव रणनीति सहित विश्व स्तरीय इंटरमॉडल परिवहन प्रणाली विकसित करने पर केंद्रित है. एमएमआरडीए के अनुसार, साझेदारी का उद्देश्य मुंबई के मेट्रो नेटवर्क के काम को तेज करना, शहर के तेजी से विकास का समर्थन करने के लिए पूरी तरह से एकीकृत परिवहन प्रणाली बनाना और एमएमआरडीए को पूरे भारत में शहरी बुनियादी ढांचे के लिए एक मॉडल के रूप में स्थापित करना है.

## मुंबई : सैफ अली खान पर हुए हमले मामले में पश्चिम बंगाल से एक महिला को गिरफ्तार

**मुंबई:** मुंबई पुलिस ने सोमवार को सैफ अली खान पर हुए हमले मामले में पश्चिम बंगाल से एक महिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पश्चिम बंगाल के नादिया जिले में तलाशी अभियान चलाकर महिला को हिरासत में लिया है। एक सूत्र ने बताया कि जांच में पता चला है कि हमले के लिए मुंबई में पहले गिरफ्तार किए गए बांग्लादेशी नागरिक द्वारा इस्तेमाल किया गया सिम महिला के नाम पर रजिस्टर्ड था।

**आरोपी का महिला से है कनेक्शन**

पश्चिम बंगाल पुलिस के सूत्र ने बताया, ''सैफ अली हमला मामले में मुंबई पुलिस ने नादिया जिले के छपरा से एक महिला को गिरफ्तार किया है। वह उसे मुंबई ले जाने के लिए ट्रांजिट रिमांड के लिए आवेदन कर सकते हैं।'' महिला का नाम खुखुमोनी जहांगीर शेख है। वह सैफ अली



खान पर हमले के मामले में गिरफ्तार बांग्लादेशी शरीफुल फकीर को जानती थी। सूत्रों ने कहा, '' आरोपी फकीर ने उत्तर बंगाल में सिलीगुड़ी के पास से भारत-बांग्लादेश सीमा से अवैध रूप से भारत में प्रवेश किया और इस महिला के संपर्क में आया। वह महिला पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के अंदुलिया की निवासी है।'' सैफ अली खान पर हुए हमले की जांच मुंबई पुलिस तेजी के साथ कर रही है। जांच के दौरान इस मामले से जुड़ी कई परतें खुल रही हैं।

अभिनेता सैफ अली खान पर हमले के मामले में महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने सभी से अफवाह ना फैलाने की अपील की है। उन्होंने कहा, ''मैं सभी से कहूंगा कि अटकलों और पुलिस द्वारा नहीं बताई गई बातों के आधार पर भ्रम पैदा न करें। पुलिस उचित जांच कर रही है, उनके पास लगभग सब कुछ है। मैं मुंबई के पुलिस आयुक्त से कहूंगा कि वह मीडिया को संबोधित करें, शायद आज या कल में ताकि मामले के बारे में जानकारी दे सकें।''

सैफ अली खान और करीना कपूर खान रविवार को सुबह घर से बाहर निकले। सैफ पर जानलेवा हमले के बाद वह पहली बार घर से बाहर निकले। सैफ और करीना को कड़ी सुरक्षा के बीच बाहर निकलते हुए पैपराजी ने कैमरे में कैद किया था।

## विक्रोली में प्रेमी जोड़े ने चलती ट्रेन के आगे कूदकर दे दी जान



**मुंबई:** देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में एक चौंकाने वाली घटना घटी है। यहां एक प्रेमी जोड़े ने अपनी जीवन यात्रा समाप्त कर ली। दोनों ने चलती ट्रेन के आगे कूदकर अपनी जान दे दी। यह दिल दहला देने वाली घटना मुंबई के विक्रोली इलाके में घटी है। जिन प्रेमियों ने अपनी जान दी वे नाबालिग थे। बताया गया है कि लड़की की उम्र 15 साल और लड़के की उम्र 19 साल है। इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया है। दोनों ने विक्रोली रेलवे स्टेशन के पास चलती एक्सप्रेस ट्रेन के सामने कूदकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। शुरूआती जानकारी के अनुसार, उन्होंने यह कदम इसलिए उठाया, क्योंकि उनके परिवार वाले उनकी शादी के खिलाफ थे। बताया जा रहा है कि यह घटना रविवार को दोपहर के समय घटित हुई। आगे मिली जानकारी के अनुसार, नाबालिग लड़की प्रवासी बताई गई है।

## संपादकीय...


फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

# बेहतर प्रदर्शन

नवी मुंबई पुलिस आयुक्त मिलिंद भारम्बे ने कहा कि नवी मुंबई में अपराध का पता लगाने की दर 2023 में 74 प्रतिशत से बढ़कर 2024 में 77 प्रतिशत हो गई है। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि सैटेलाइट शहर में पुलिस ने चोरी की संपत्ति बरामद करने, वित्तीय धोखाधड़ी को सुलझाने, महिलाओं के खिलाफ अपराधों पर अंकुश लगाने और ड्रग्स जब्त करने के मामले में भी बेहतर प्रदर्शन किया है। ''2024 में दर्ज किए गए 7,369 अपराध मामलों में से, हम 5,677 को सुलझाने में कामयाब रहे। हमने 98 प्रतिशत शारीरिक अपराध, 52 प्रतिशत संपत्ति से संबंधित मामले, 51 प्रतिशत वित्तीय धोखाधड़ी, महिलाओं के खिलाफ अपराध के 98 प्रतिशत मामलों के साथ-साथ 87 प्रतिशत अन्य अपराधों को सुलझाया। चोरी की गई संपत्ति की वसूली दर 2023 में 61 प्रतिशत से बढ़कर 2024 में 72 प्रतिशत हो गई। 33.50 करोड़ रुपये की संपत्ति के नुकसान की सूचना दी गई थी, जिसमें से हमने 24.05 करोड़ रुपये बरामद किए,'' उन्होंने बताया। उन्होंने कहा कि 2024 में महिलाओं के खिलाफ अपराध से संबंधित मामलों की संख्या 626 थी, जो पिछले वर्ष की तुलना में 104 कम थी। ''नवी मुंबई पुलिस ने 2024 में 436 साइबर अपराध मामले दर्ज किए, जिनमें कुल 150.97 करोड़ रुपये का मूल्य शामिल था। इसमें से 41.32 करोड़ रुपये फ्रीज कर दिए गए और 6.92 करोड़ रुपये अदालत के आदेश के आधार पर पीड़ितों को वापस कर दिए गए। हमने 33.68 करोड़ रुपये की ड्रग्स जब्त की और 56 विदेशियों सहित 206 लोगों के खिलाफ 113 मामले दर्ज किए। 47 बांग्लादेशी नागरिकों के खिलाफ कार्रवाई की गई, जिनमें से 13 को निर्वासित कर दिया गया,'' उन्होंने कहा। भारम्बे ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि अदालत में सफलतापूर्वक मुकदमा चलाने वाले मामलों की दर 2022 में 30 प्रतिशत से बढ़कर 2023 में 36 प्रतिशत और 2024 में 45 प्रतिशत हो गई है।

editor@rokthoklekhaninews.com
+91 8657861004
Faisal Shaikh @faisalrokthok




# मुंबई से दुबई जाने वाली एयर इंडिया की उड़ान में यात्रियों को 5 घंटे तक कैद रखा गया

**मुंबई:** एयरपोर्ट्स और फ्लाइट्स को लेकर इन दिनों लगातार परेशान करने वाली खबरें आ रही हैं। अब एक और हैरान कर देने वाली खबर सामने आई है। घटना मुंबई से दुबई जाने वाली एयर इंडिया की उड़ान में हुई। एआई 909 में सवार यात्रियों को बिना प्लेन में पांच घंटे तक कैद करके रखा गया।

रोंगटे खड़ा कर देने वाली बात यह है कि इन पांच घंटे फ्लाइट के दरवाजे बंद कर दिए गए और अंदर एयर कंडीशन तक नहीं चल रहा था। कई यात्रियों के दम घुटने लगे तो कई को पैनिक अटैक तक पड़े। यात्री दरवाजा पीटते रहे लेकिन दरवाजा नहीं खुला।

फ्लाइट को रविवार 26 जनवरी को सुबह मुंबई से स्थानीय समय (आईएसटी) 8:25 बजे प्रस्थान करना था। फ्लाइट को सुबह 10:15 बजे दुबई में लैंड होना था। यात्रियों ने



चेकइन किया और फ्लाइट में बैठ गए।

फ्लाइट के दरवाजे बंद कर दिए गए और यात्री उड़ान भरने का इंतजार करने लगे। काफी देर तक फ्लाइट ऐसे ही खड़ी रही। कहा जा रहा है कि एयर इंडिया के 787-8 विमान में तकनीकी खराबी के कारण यह उड़ान नहीं भर सकी। आखिरकार इस फ्लाइट ने मुंबई से शाम 5:10 बजे उड़ान भरी और शाम 6:29 बजे जीएसटी पर दुबई में सुरक्षित रूप से उतर गई।

उड़ान में पांच घंटे से अधिक की देरी हुई। जैसे-जैसे केबिन के अंदर का तापमान बढ़ा, कई यात्रियों को घुटन महसूस होने लगी, कुछ को कथित तौर पर वातानुकूलन की कमी के कारण सांस लेने में परेशानी हो रही थी। बढ़ती परेशानी के बावजूद, यात्रियों का दावा है कि एयरलाइन के चालक दल ने कोई तत्काल राहत नहीं दी।

**कैप्टन पर बरसे**

विमान में सवार एक यात्रियों ने घटना के वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट किए। वीडियो में यात्रियों का डर और परेशानी साफ नजर आ रही है। एक यात्री ने दावा किया कि हंगामा होता रहा। यात्री घबराए रहे लेकिन कप्तान मुद्दे पर यात्रियों को दिलासा देने या बात करने के लिए कॉकपिट से बाहर तक नहीं आए।

**चिल्लाए यात्री, किया हंगामा**

वीडियो में यात्री हंगामा करते हुए नजर आ रहे हैं। वे दरवाजा पीट रहे हैं और चालक दल के सदस्यों से दरवाजा खोलने को कह रहे हैं। कुछ वीडियो में यात्रियों को केबिन क्रू के सदस्यों पर चिल्लाते हुए दिखाया गया है, जिनमें से एक ओवरहेड बिन को पीट रहा है। एक यात्री को यह कहते हुए सुना जा सकता है कि हमें आप पर भरोसा नहीं है।

# मुंबई पुलिस को झटका; सीसीटीवी फुटेज में आरोपी की पहचान पर सवाल उठे



**मुंबई:** बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान पर एक चौंकाने वाली घटना में उनके घर में घुसकर हमला किया गया। इस घटना के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। सैफ पर हमला करने वाला आरोपी फिलहाल हिरासत में है। हालांकि, आरोपियों के वकीलों की ओर से बड़ा दावा किया जा रहा है। उन्होंने कहा है कि सैफ अली खान के घर की सीसीटीवी फुटेज में दिख रहा व्यक्ति और आरोपी अलग-अलग हैं। पुलिस ने बताया कि आरोपी सैफ अली खान के घर चोरी करने के इरादे से गए थे।

वहीं रविवार को मुंबई पुलिस की जांच को बड़ा झटका लगा है। गिरफ्तार आरोपी शरीफुल इस्लाम के फिंगरप्रिंट का मैच करने की रिपोर्ट निगेटिव आई है। यानी कि घटनास्थल से कलेक्ट किए गए नमूनों में से 19 नमूने आरोपी के फिंगरप्रिंट से मेल नहीं खाते हैं।

दरअसल सीआईडी ने सिस्टम-जनरेटेड रिपोर्ट के माध्यम से इस बात की पुष्टि की और बताया कि घटना स्थल से कलेक्ट किए गए 19 फिंगरप्रिंट जो उन्हें भेजे गए थे, वे आरोपी के फिंगरप्रिंट से मेल नहीं खाते। अब इस रिपोर्ट को पुणे सीआईडी सुपरिटेंडेंट को भेजा गया है। वहीं, जांच के दौरान आरोपी मोहम्मद शहजाद का नया कबूलनामा सामने आया है। इसमें उसने बताया कि अभिनेता शाहरुख खान के बंगले 'मन्नत' में चोरी में नाकामयाब होने पर वह सैफ के घर घुसा था। आरोपी ने यह भी बताया कि भारतीय दस्तावेज बनवाने के लिए उसे रुपयों की जरूरत थी। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि उससे किसी ने भारतीय दस्तावेज बनाकर देने का वादा किया था और इस बदले उससे रुपयों की मांग की थी।

# मुंबई पुलिस की एक गलती ने मेरी जिंदगी बर्बाद कर दी – आकाश कनौजिया



**मुंबई:** बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान पर हुए हमले के मामले में संदिग्ध के तौर पर छत्तीसगढ़ के दुर्ग में हिरासत में लिए गए शख्स आकाश कनौजिया का दर्द छलका है. साथ ही उन्होंने इंसाफ की मांग की है. आकाश ने कहा कि पुलिस कार्रवाई के बाद उसका जीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है, उसके पास कोई नौकरी नहीं है और परिवार को बदनामी का सामना करना पड़ रहा है.

दरअसल, मुंबई पुलिस से मिली सूचना के बाद रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने 18 जनवरी को दुर्ग स्टेशन पर मुंबई लोकमान्य तिलक टर्मिनस-कोलकाता शालीमार ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस से आकाश कनौजिया (31) को हिरासत में लिया था, जो एक ड्राइवर है. 19 जनवरी की सुबह मुंबई पुलिस ने पड़ोसी ठाणे से बांग्लादेशी नागरिक शरीफुल इस्लाम शहजाद मोहम्मद रोहिल्ला अमीन फकीर उर्फ विजय दास को गिरफ्तार किया था, जिसके बाद दुर्ग आरपीएफ ने कनौजिया को छोड़ दिया.

बता दें कि 15 जनवरी की रात मुंबई के बांद्रा इलाके में सतगुरु शरण में 12वीं मंजिल पर स्थित अभिनेता सैफ अली खान के आवास में लूटपाट के प्रयास के दौरान एक व्यक्ति ने उनपर कई बार चाकू से वार किया था. खान की सर्जरी हुई और बाद में उन्हें छुट्टी दे दी गई.

**'एक गलती ने मेरी जिंदगी बर्बाद कर दी'**

आकाश कनौजिया ने से कहा, ''मेरा परिवार तब स्तब्ध रह गया और उनकी आंखों में आंसू आ गए, जब मीडिया ने मेरी तस्वीरें दिखानी शुरू कीं और दावा किया कि मैं इस मामले में मुख्य संदिग्ध हूं. मुंबई पुलिस की एक गलती ने मेरी जिंदगी बर्बाद कर दी. वे यह गौर करने में विफल रहे कि मेरी मूंछें थीं और अभिनेता की बिल्डिंग में लगे सीसीटीवी फुटेज में दिख रहे व्यक्ति की मूंछें भी नहीं थीं.''

# कुर्ला इलाके में आवासीय बिल्डिंग में लगी आग

## लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला




**मुंबई:** मुंबई के कुर्ला पूर्व इलाके में एक आवासीय इमारत में आग लग गई, जिसके बाद वहां हड़कंप मच गया. हालांकि इस आग की घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है. अधिकारियों ने बताया कि समय रहते मकान के सभी लोगों को इमारत से सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

एक खबर के मुताबिक ये घटना रविवार शाम को हुई. अधिकारी ने कहा, यह एक लेवल वन (कम तीव्रता) की आग थी, जो ग्राउंड फ्लोर से लेकर शिवाजी नगर एसआरए बिल्डिंग की 15वीं मंजिल तक इलेक्ट्रिकल डक्ट तक सीमित थी।

**सबको सुरक्षित निकाला गया**

अधिकारी ने बताया, घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है. उन्होंने कहा कि इमारत में कोई भी फंसा नहीं है, क्योंकि सभी निवासियों को समय पर निकाल लिया गया था. आग बुझाने के लिए चार दमकल गाड़ियां, तीन जंबो टैंकर और कई कर्मचारी घटनास्थल पर मौजूद हैं।

इससे पहले 7 जनवरी को महाराष्ट्र में मुंबई के अंधेरी पश्चिम स्थित एक मल्टीस्टोरी इमारत की 11वीं मंजिल पर भीषण आग लग गई थी. इमारत के आग की चपेट में आने से अफरा-तफरी मच गई थी. हालांकि फायर ब्रिगेड की लगभग एक दर्जन गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया था।

# मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर तीन दिन तक तीन घंटे की बैरिकेडिंग

**मुंबई:** मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर आने-जाने वालों के लिए बड़ी खबर है। एक्सप्रेसवे पर फिर से तीन दिन तक तीन घंटे की बैरिकेडिंग लगाई जा रही है। इसके कारण वाहन चालकों को मुंबई से पुणे की यात्रा करते समय 10 रुपये का अतिरिक्त टोल देना होगा। यह काम महाराष्ट्र राज्य सड़क विकास महामंडल (एमएसआरडीसी) की ओर से किया जा रहा है।

**कहां चल रहा निर्माण?**

दरअसल मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर घाटों की घुमावदार सड़कों से बचने के लिए घाटी के ऊपर दो पुलों और दो सुरंगों के माध्यम से 'मिसिंग लिंक' का निर्माण कार्य चल रहा है। पुणे के रास्ते में लोनावला घाट से उतरते ही डोंगरगांव/कुसगांव में लोकल वाहनों के लिए बने भूमिगत मार्ग (अंडरपास) को इस 'मिसिंग लिंक' के निर्माण के लिए ध्वस्त कर दिया गया। अब जबकि 'मिसिंग लिंक' का मुख्य निर्माण पूरा हो गया है। स्थानीय लोगों को आवागमन की सुविधा देने के लिए अंडरपास



के स्थान पर एक्सप्रेसवे को पार करने के लिए एक पुल का निर्माण किया जा रहा है। इस कार्य के लिए 27 से 29 जनवरी तक हर दोपहर तीन घंटे के लिए कुसगांव से पुणे की ओर जाने वाला एक्सप्रेसवे बंद रहेगा। इसलिए वाहन चालकों पर अतिरिक्त टोल का बोझ पड़ेगा।

**कैसे जाएं, कितना लगेगा टोल**

इस अवधि के दौरान पुणे की ओर जाने वाले वाहनों को एक्सप्रेसवे छोड़कर राष्ट्रीय राजमार्ग 48 (पुराना मुंबई-पुणे राजमार्ग) से वरसोली की ओर जाना होगा। इस राजमार्ग पर वरसोली में एक टोल प्लाजा है। चार पहिया वाहनों के लिए इसका टोल 90 रुपये है। एक्सप्रेसवे पर मुंबई से पुणे जाते समय वाहन चालक खालापुर में 240 रुपये और फिर पुणे तक 80 रुपये का भुगतान करते हैं। इस प्रकार कुल टोल 320 रुपये हो जाता है। तदनुसार, मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर वाहन चालकों को अब सोमवार से तीन दिनों के लिए दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच यात्रा करने पर सामान्य 320 रुपये के स्थान पर 330 रुपये का टोल देना होगा।

**पिछले सप्ताह मुंबई चैनल पर एक गर्डर**

एमएसआरडीसी के संबंधित अधिकारियों ने बताया कि सोमवार से मुंबई-पुणे मार्ग पर यातायात बंद रहेगा। क्योंकि गर्डर लगाए जाएंगे। पिछले सप्ताह पुणे-मुंबई मार्ग पर एक गर्डर स्थापित किया गया था। इसलिए पुणे से मुंबई जाने वाले यातायात को मालवली के पास सड़क का डिवाइडर खोलकर सात किलोमीटर तक विपरीत दिशा (मुंबई-पुणे) में मोड़ दिया गया। इस कारण से मुंबई-पुणे मार्ग तब भी बंद था।

# मुंबई: टोरेस पोंजी स्कैम मामले में फरार तौसीफ रियाज गिरफ्तार

**मुंबई:** टोरेस पोंजी स्कैम मामले में फरार तौसीफ रियाज को पकड़ लिया गया। मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने दावा किया है। मिली जानकारी के मुताबिक कुछ दिन पहले तौसीफ ने खुद को व्हिसल ब्लोअर बताया था। उसने मामले में गिरफ्तार एक और शख्स को बचाने की कोशिश की थी। तौसीफ रियाज टोरेस कंपनी का सीईओ भी है और मामला सामने आने के बाद से फरार चल रहा था। तौसीफ रियाज के तार बिहार खासकर भागलपुर और सुल्तानगंज से जुड़े हैं। आर्थिक अपराध शाखा ने तौसीफ रियाज की गिरफ्तारी के लिए भागलपुर और सुल्तानगंज में छापेमारी की थी। उसके खिलाफ लुकआउट नोटिस भी जारी किया गया था।

**टोरेस ज्वेलरी के नाम पर पोंजी स्कैम**

टोरेस ज्वेलरी के नाम पर मुंबई, नवी मुंबई, कल्याण क्षेत्र में कार्यालय खोलकर पोंजी योजना के माध्यम से वित्तीय धोखाधड़ी की गई है। मुंबई




पुलिस की वित्तीय अपराध शाखा इस मामले की जांच कर रही थी। मुंबई और उसके आसपास के एक लाख से अधिक निवेशकों को टोरेस पोंजी निवेश योजनाओं में इनवेस्टमेंट करने का लालच देकर 1000 करोड़ रुपए से अधिक की ठगी की गई है , जिसमें उन्हें 'आकर्षक रिटर्न' का वादा किया गया था।

मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने 1000 करोड़ रुपए के टोरेस पोंजी घोटाले के मुख्य आरोपी तौसिफ रियाज उर्फ जान कार्टर को पकड़ने के लिए भागलपुर और सुल्तानगंज में छापेमारी की थी। तौसीफ ने रिटेल ज्वेलरी में निवेश के नाम पर कैशबैक, हाई बोनस और 600 प्रतिशत तक रिटर्न का झांसा देकर लोगों से ठगी की है। गुरुवार को मुंबई पुलिस की टीम चेतन पचरेवाल के नेतृत्व में भागलपुर पहुंची थी और कई जगहों पर छापेमारी की थी।

**पटना के फुलवारीशरी में भी तौसीफ का फ्लैट**

तौसीफ रियाज मूल रूप से सुल्तानगंज का रहने वाला हैं। एडह की टीम ने सबसे पहले इशाकचक थाना क्षेत्र के बरहपुरा और चांदनी चौक में तौसीफ के मामा मोहम्मद साहब के घर छापा मारा। इसके बाद टीम ने सुल्तानगंज में तौसीफ के पैतृक घर की भी तलाशी ली।

# कल्याण: तीसरी मंजिल से गिरा 2 साल का बच्चा, हुआ चमत्कार

**कल्याण:** बिल्डिंग में घर देखने आए ग्राहकों को घर दिखाकर नीचे आ रहे भावेश ने बिल्डिंग की खिड़की से एक बच्चे को गिरते देखा। बिना एक पल की देरी किए भावेश दौड़े और बच्चे को पकड़ने की कोशिश की, लेकिन बच्चा उनके हाथ से फिसल गया। फिर भी सावधानी से वह आगे बढ़े और बच्चे को फौरन पकड़ लिया। इससे बच्चा पहले उनके हाथ पर और फिर उनके पैर पर गिर गया। इससे बच्चे की जान बच गई। माता-पिता आसपास के लोगों के साथ मिलकर बच्चे को तुरंत अस्पताल ले गए। हालांकि जैसे ही डॉक्टरों ने बच्चे को सुरक्षित घोषित किया। माता-पिता की जान में जान आ गई। बच्चे की जान बचाने वाले भावेश की डोंबिवली शहर में खूब तारीफ हो रही है। इस छोटे लड़के का नाम सात्विक राहुल देसले है।

दरअसल पश्चिमी डोंबिवली के देविचा पाडा इलाके में रहने



वाले 35 वर्षीय युवक भावेश म्हात्रे भवन निर्माण और मकान खरीदने-बेचने का काम करते हैं। कल यानी शनिवार 25 जनवरी को वह ग्राहकों को एक मकान दिखाने के लिए देवीचा पाड़ा क्षेत्र में अनुराज बिल्डिंग गए थे। जब वे ग्राहकों को घर दिखाने के बाद बिल्डिंग से बाहर आ रहे थे। तो उन्होंने नुकसान से बचने के लिए कांच हटा दिया था, क्योंकि उसी इमारत की तीसरी मंजिल पर एक घर में पेंटिंग का काम चल रहा था। इस दौरान गैलरी में खेल रहा एक दो वर्षीय बच्चा इस खुले कांच के छेद से गिर गया।

घटना सीसीटीवी में कैदसौभाग्य से भावेश उसी समय बिल्डिंग से बाहर निकले थे। वह पीछे मुड़कर ग्राहकों से बात कर रहे थे। जैसे ही उन्होंने गिरते हुए बच्चे को देखा, वह बिना किसी हिचकिचाहट के दौड़े और बच्चे को पकड़ने की कोशिश की। हालांकि, जब बच्चा उसके हाथ से फिसला तो उन्होंने अपना पैर आगे करके उसे पकड़ने की कोशिश की, जिससे बच्चा उनके पैर से फिसलकर जमीन पर आ गिरा।

# मुंबई : सड़क पर घायल बाइकर दिखा; एकनाथ शिंदे ने काफिला रुकवाया और मौजूद लोगों को घायल की मदद करने में लगा दिया

**मुंबई:** महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे का काफिला कहीं जा रहा था कि तभी सड़क पर उन्हें घायल बाइकर दिखा. एकनाथ शिंदे ने तुरंत अपना काफिला रुकवाया और अपने साथ मौजूद लोगों को घायल की मदद करने में लगा दिया. इस घटना का पूरा वीडियो एक्स पर सामने आया है. वीडियो में दिख रहा है कि दो शख्स एक घायल को अपने हाथों में उठाकर भागे जा रहे हैं और पीछे डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे आते दिख रहे हैं. काफिले में मौजूद एंबुलेंस में ही घायल को पहुंचाया जाता है जहां उसका इमरजेंसी इलाज होता है. डिप्टी सीएम सभी को घायल की जान बचाने का निर्देश दे रहे हैं. घायल को तुरंत एंबुलेंस के अंदर पहुंचाया जाता है और मदद के लिए लोग आगे आ रहे हैं.



**पहले भी कर चुके हैं घायल की मदद**

ऐसा नहीं है कि यह पहली बार हुआ हो. ऐसी ही एक घटना मुंबई में ही दिवाली की रात घटी थी जब रास्ते में एक बाइक के फिसलने से एक्सीडेंट हो गया था. वहीं से तात्कालीन सीएम एकनाथ शिंदे को काफिला नकिल रहा था तो मुख्यमंत्री ने अपने काफिले के डॉक्टरों की टीम को भेजकर प्राथमिक इलाज करवाया था. मुंबई में सड़क दुर्घटना में घायल युवक की मदद करते हुए मुख्यमंत्री शिंदे का वीडियो भी वायरल हो गया था. इस वीडियो के वायरल होने के बाद सीएमओ ने उसकी पुष्टि की थी और बताया था कि चुनावी भागदौड़ के बीच मुख्यमंत्री की संवेदनशीलता देखने को मिली जहां वो खुद एक जख्मी को देखकर रुक गए और उसकी मदद की.

# मेडिकल प्रवेश परीक्षा के प्रश्न पत्र के प्रारूप में बदलाव करने का फैसला




**मुंबई:** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा के प्रश्न पत्र के प्रारूप में बदलाव करने का फैसला किया है। इसके अनुसार अब परीक्षा में वैकल्पिक प्रश्न हटा दिए गए हैं और प्रश्न पत्र में 180 प्रश्न होंगे। इस प्रश्न पत्र को हल करने के लिए छात्रों को तीन घंटे का समय दिया जाएगा।

कोरोना काल में छात्रों के हितों को ध्यान में रखते हुए परीक्षा के प्रारूप में बदलाव किया गया था। हालांकि अब NTA ने पुराने प्रारूप के अनुसार ही परीक्षा आयोजित करने का फैसला किया है। कोरोना काल में छात्रों के हितों को ध्यान में रखते हुए नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने ठएएळ वऋपरीक्षा में बदलाव करने का फैसला किया था। इसके अनुसार NEET UG परीक्षा में दो सेक्शन 'A' और 'B' थे। सेक्शन 'A' में 35 अनिवार्य प्रश्न थे, जबकि सेक्शन 'B' में 15 वैकल्पिक प्रश्न थे। हालांकि कोरोना का प्रकोप खत्म होने के बाद NTA ने मूल प्रारूप में ही परीक्षा आयोजित करने का फैसला किया है।

इस पद्धति में चूंकि प्रश्न पत्र से सेक्शन 'B' हटा दिया जाएगा, इसलिए वैकल्पिक प्रश्नों को नए प्रश्न पत्र से बाहर रखा जाएगा। इसलिए अब नीट में 180 अनिवार्य प्रश्न होंगे। इसमें फिजिक्स और केमिस्ट्री से 45-45 प्रश्न और बायोलॉजी से 90 प्रश्न होंगे। इन प्रश्नों को हल करने के लिए छात्रों को 180 मिनट यानी तीन घंटे का समय दिया जाएगा। साथ ही कोरोना के दौरान छात्रों को परीक्षा के लिए दिए जाने वाले अतिरिक्त समय में भी कटौती की गई है। एनटीए ने छात्रों को नीट यूजी की नई पद्धति के अनुसार तैयारी करने की सलाह दी है।

## मुंबई : ईडी ने हाल ही में बैंक धोखाधड़ी के मामले में 79.78 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क

**मुंबई:** : प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने हाल ही में बैंक धोखाधड़ी के एक मामले में 79.78 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की है। ये संपत्तियां नवी मुंबई, मुंबई, सतारा, रायगढ़ और देहरादून, हरिद्वार, पौड़ी गढ़वाल (उत्तराखंड) में स्थित हैं और इनमें फ्लैट, प्लॉट, होटल और कृषि भूमि शामिल हैं। ईडी ने फार्मा कंपनी शेरॉन बायो मेडिसिन लिमिटेड (एसबीएमएल) के खिलाफ 220 करोड़ रुपये के बैंक धोखाधड़ी मामले में यह कार्रवाई की।

ईडी ने सोमवार को कहा कि इस मामले में कुर्क की गई संपत्तियों की कुल राशि 96.20 करोड़ रुपये तक पहुंच गई है। ईडी केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो द्वारा मोहन प्रसाद काला, सविता सतीश गौड़ा, ललित शंभू मिश्रा और अन्य के खिलाफ दर्ज की गई शिकायत के आधार पर मामले की जांच कर रही है।

## मुंबई: रियल एस्टेट ब्रोकर्स की छठी परीक्षा के नतीजे घोषित; 7624 उम्मीदवार शामिल हुए थे, जिनमें से 6755 पास हुए



**मुंबई:** रियल एस्टेट ब्रोकर्स की छठी परीक्षा (महारेरा) के नतीजे घोषित कर दिए गए हैं। इस परीक्षा में कुल 7624 उम्मीदवार शामिल हुए थे, जिनमें से 6755 उम्मीदवार पास हुए हैं। इस तीसरी परीक्षा का परिणाम 89 प्रतिशत रहा है। पास होने वाले परीक्षार्थियों में मुंबई के 84 वर्षीय दौलतसिंह गढ़वी भी शामिल हैं। कुल पास होने वाले परीक्षार्थियों में महिलाओं की संख्या भी काफी है। कुल 1118 महिला ब्रोकर्स ने यह परीक्षा पास की है। रेरा कानून के अनुसार, डेवलपर्स के साथ-साथ रियल एस्टेट ब्रोकर्स को भी महारेरा में पंजीकरण कराना अनिवार्य है। इसके अलावा, महारेरा ने ब्रोकर्स के लिए प्रशिक्षण और प्रमाणन अनिवार्य कर दिया है और प्रशिक्षण और प्रमाणन परीक्षाएं महारेरा द्वारा आयोजित की जाती हैं। इसी के अनुसार, हाल ही में ब्रोकर्स की छठी परीक्षा आयोजित की गई थी और उस परीक्षा के परिणाम सोमवार को महारेरा द्वारा घोषित किए गए। 89 प्रतिशत परीक्षा परिणाम घोषित किए गए हैं। छठी परीक्षा में 7624 उम्मीदवार शामिल हुए थे। उनमें से 6755 उम्मीदवार पास हुए हैं। उत्तीर्ण परीक्षार्थियों में 5637 पुरुष दलाल और 1118 महिला दलाल हैं। खास बात यह है कि 6755 में से 264 दलाल वरिष्ठ नागरिक हैं, यानी 60 वर्ष से अधिक आयु के हैं। उत्तीर्ण वरिष्ठ नागरिक दलालों में से 13 महिला दलाल हैं। मुंबई के दौलतसिंह गढ़वी सबसे बुजुर्ग 84 वर्षीय दलाल हैं।

## मुंबई : रेलवे के ब्लॉक से राहत मिलने के आसार



**मुंबई:** पिछली दो रात में उपनगरीय रेलवे नेटवर्क पर चल रहे ब्लॉक से रविवार सुबह दस बजे तक राहत मिलने वाली है। इसके बाद ही तीनों लाइन पर दिनभर कोई ब्लॉक नहीं लिया जाएगा। बांद्रा ब्रिज, कर्णाक ब्रिज और डहाणू के पास एक ब्रिज के लिए रात में ब्लॉक लिए जा रहे हैं। इससे पश्चिम और मध्य रेलवे आर चलने वाली उपनगरीय ट्रेनों सहित लंबी दूरी की ट्रेनों पर भी प्रभाव पड़ा है।

**बांद्रा में नया ब्रिज**

पश्चिम रेलवे के बांद्रा स्टेशन से गुरजते वक्त मीठी नदी पर जो पुराना रेलवे ब्रिज नजर आ रहा था, वो अब नया होने वाला है। सन् 1888 में निर्मित लोहे के स्क्रू पाइल रेल पुल को कंक्रीट के खंभों से बदला जा रहा है। पश्चिम रेलवे के इंजीनियर इस पुल के दक्षिणी सिरे का पुनर्निर्माण कर रहे हैं। यह काम रविवार सुबह 7:30 बजे तक पूरा होने की डेडलाइन है।

**डहाणू के पास बन रहा है ब्रिज**

मुंबई सेंट्रल डिवीजन के वानगांव और डहाणू रोड स्टेशनों के बीच रोड ओवर ब्रिज के निर्माण के लिए कंपोजिट गर्डर लॉन्च हो रहा है। यह ब्लॉक भी रविवार को 10.50 बजे तक खत्म होने की उम्मीद है। ब्लॉक अप एवं डाउन मेन लाइन पर लिया जा रहा है, जिनके कारण पश्चिम रेलवे की कुछ ट्रेनें प्रभावित होंगी।

कर्नाक ब्रिज की राह आसानबीएमसी द्वारा कर्नाक पुल का पुनर्निर्माण किया जा रहा है। पुल के लिए 550 मीट्रिक टन वजनी उत्तरी हिस्से के गर्डर को नगर निगम की सीमा में 9.30 मीटर तक खिसकाने की प्रक्रिया 14 जनवरी को पूरी की गई है। इस ब्रिज का दूसरा ब्लॉक रविवार 26 जनवरी को खत्म होना है। बीएमसी की योजना है कि जून 2025 तक दूसरा गर्डर लॉन्च कर नया कर्नाक ब्रिज ट्रैफिक के लिए खोला जाए।

# मुंबई: एकनाथ शिंदे और अजित पवार की पार्टी टूट जाएगी - सांसद संजय राउत



**मुंबई:** क्या भविष्य में ठाकरे बंधु एक साथ आएंगे? इस सवाल का जवाब किसी के पास नहीं है, सांसद संजय राउत ने अपनी राय व्यक्त की है। वे पिंपरी-चिंचवड़ में बोल रहे थे। साथ ही, जो लोग महाराष्ट्र के दुश्मन हैं, हम उनके साथ कभी हाथ नहीं मिलाएंगे। यह हमारा स्वाभिमान है। अमित शाह और नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र को लूटा और सब कुछ गुजरात ले गए, सांसद संजय राउत ने कहा। भाजपा पार्टी को तोड़ने के लिए आतुर है। उन्होंने ऐसी टिप्पणी भी की है। उन्होंने दावा किया है कि वे एकनाथ शिंदे और अजीत पवार की पार्टियों को भी तोड़ देंगे। संजय राउत ने कहा, हम पिछले चुनावों में हार से हतोत्साहित हुए बिना नगर निगम चुनाव लड़ेंगे। आत्मनिर्भरता का नारा देने का मतलब यह नहीं है कि महाविकास अघाड़ी टूट गई या समाप्त हो गई।

आत्मनिर्भरता का नारा सिर्फ मुंबई के लिए है। हमारी पार्टी वहां पैर जमा चुकी है। हमारी पकड़ है। कार्यकर्ता कह रहे हैं कि हमें अपने बल पर लड़ना चाहिए। उन्होंने आगे कहा, इस बात पर संदेह है कि वे पुणे और पिंपरी-चिंचवड़ शहरों में अपने दम पर लड़ेंगे या नहीं। तीनों पार्टियां कह रही हैं कि उन्हें दूसरे शहरों में एक साथ लड़ना चाहिए। उन्होंने आगे कहा, फडणवीस मुख्यमंत्री पद से उपमुख्यमंत्री बने। उन्होंने आलाकमान का सम्मान बनाए रखा। उन सभी की भूमिका हर कीमत पर सत्ता में बने रहने की है। एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में चुनाव लड़ा गया था। उन्हें 2024 में मुख्यमंत्री पद का वादा किया गया था। फिर भी वे मुख्यमंत्री नहीं बने। फिर कार्यकताओं के सम्मान को बनाए रखने का सवाल ही कहां है? उनका आलाकमान भाजपा है।

एकनाथ शिंदे को उनके आदेशों का पालन करना था। एकनाथ शिंदे के पास कोई विकल्प नहीं । अपनी खाल बचाने के लिए, अपने खिलाफ चल रहे मामलों को रोकने के लिए उन्हें सरकार में शामिल होना पड़ा। उन्होंने आगे कहा, मूल शिवसेना और एनसीपी टूट गई। उस तरह से एकनाथ शिंदे और अजित पवार की पार्टी टूट जाएगी। भाजपा पार्टी को तोड़ने पर आमादा है। उनके होंठों पर खून है। तब तक यह विभाजन की राजनीति चलती रहेगी।

## पुणे : जीबीएस के बढ़ते मामलों की निगरानी और प्रबंधन में राज्य की सहायता के लिए विशेषज्ञों की सात सदस्यीय उच्च स्तरीय टीम तैनात



**पुणे :** पुणे नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग और रैपिड रिस्पांस टीम ने पुणे के प्रभावित सिंहगढ़ रोड इलाके में निगरानी जारी रखी।एक आधिकारिक सूत्र ने बताया, ''महाराष्ट्र में जीबीएस के बढ़ते मामलों की निगरानी और प्रबंधन में राज्य की सहायता के लिए विशेषज्ञों की सात सदस्यीय उच्च स्तरीय टीम तैनात की गई है।'' जीबीएस एक दुर्लभ स्थिति है जो अचानक सुन्नपन और मांसपेशियों में कमजोरी का कारण बनती है, जिसमें अंगों में गंभीर कमजोरी और दस्त शामिल हैं। डॉक्टरों के अनुसार, जीवाणु और वायरल संक्रमण आमतौर पर जीबीएस का कारण बनते हैं क्योंकि वे रोगियों की प्रतिरक्षा को कमजोर करते हैं।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। मोबाइल नं 998777 5650, Email-editor@rokthoklekhaninews.com